!! ऊँ श्री सिद्धि विनायकाय नमः!!

Mob:-07380848300
09415350610

Om Shri Siddhivinayak Foundation

H.O. :A-112,Mehndouri Colony, Teliyarganj, Prayagraj (Uttar Pradesh) 211004
Ad. Off. : C-68, Babaganj, B/h-New V-mart Pratpagarh 230001 U.P.

Website: www.ossvfoundaion.org
www.ossvfoundation.in

E-Mail:-info@ossvfoundaion.org,
info@ossvfoundation.in

वर्षिक प्रगति आख्या–वर्ष 2017–18

Date:-...............................

वृक्षारोपड़ कार्यक्रम

ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार वृक्षों विशेषतया पर्यावरण एवं जैव विविधता वाली भूमिका अदा करने वाले 300 वृक्षों का रोपण जनपद–प्रतापगढ़ के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया जिनमें विकास खण्ड शिवगढ़ के अन्तर्गत ग्राम तुलसीपुर, रघवापुर, राजापुर तथा खरहर का चयन किया गया तथा वि०ख०–गौरा के अन्तर्गत गाजी का बाग तथा गौरा एवं नगर क्षेत्र प्रमुख रहें। उक्त संस्था ने न सिर्फ वृक्षारोपड़ किया अपितु उन वृक्षों कि पर्यावारणिक सहभागिता एवं महत्व से भी आस–पास के लोगों को अवगत कराया और उन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हेतु लोगों को शपथ भी दिलायी और उन्हीं लोगो को प्रेरित कर लगाये गये पौधों के सुरक्षा हेतु उपाय भी करवायें गयें।

भोजन वितरण कार्यक्रम

ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन द्वारा संचालित आर्या हॉस्पिटल में आने वाले गरीब लोगों को डाइटीशियन द्वारा निर्धारित डाइट चार्ट का पालन करते हुए दोनों पहर भोजन एवं जलपान आदि की समय–समय पर निःशुल्क व्यवस्था प्रदान की जाती है और इसके साथ उक्त मरीजों के तिमारदारों को भी निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम की सुविधा का लाभ प्रदान किया जाता है जिससे मरीजों और उनके तिमारदारों को न सिर्फ अच्छी डाइट मिलती है अपितु पौष्टिक भोजन के साथ अनावश्यक खर्च और व्यर्थ की भाग दौड़ से बचत होती है।

महिला जागरूकता शिविर

ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन द्वारा जनपद प्रतापगढ़ मुख्यालय से दूर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र विकास खण्ड मंगरौरा एवं विकास खण्ड लालगंज में महिला जागरूकता शिविरां का आयोजन मार्च के तृतीय सप्ताह में किया गया। उक्त शिविर **ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन** द्वारा संचालित आर्या हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वयं के आहार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक न होने के कारण न होने वाली बीमारियों तथा संक्रमण के प्रति जागरूक करना था जैसे रक्ताल्पता (एनीमिया), कम पानी पीने के कारण डिहाइड्रेशन, मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति में गन्दे कपड़ों के इस्तेमाल से होनेवाली इन्फेक्शन, असंतुलित भोजन से होने वाली कैल्शियम की कमी श्वेत प्रदर (ल्यूकोरिया) आदि के प्रति जागरूक करना तथा उनकी तकलीफों एवं बीमारियों को साझा करना।

R. M. OJHA
(Secretary)
OM SHRI SIDDHIVINAYAK
FOUNDATION

रवि मोहन ओझा (सचिव)
ऊँ श्री सिद्धिविनायक फाउण्डेशन